संख्या- 17/2015/15/71-1-2015-जी-345/2014

प्रेषक

अरिन्दम भट्टाचार्य,
विशेष सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनॉक 12 फरवरी, 2015

विषय:- पी0एम0आर0 योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए भारत सरकार द्वारा स्वीकृत धनराशि मेडिकल कालेज, गोरखपुर को उपलब्ध कराने हेतु पुनर्विनियोग प्रस्ताव प्रेषित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एम0ई0/बजट/2014/656, दिनॉक 05-01-2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पी0एम0आर0 योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए भारत सरकार के पत्र संख्या-जेड-15011/20/2012-एम0एच0-।।।, दिनॉक 28-07-2014 के द्वारा स्वीकृत की गयी धनराशि रू0 97,53,000/- (रू0 सत्तानबे लाख तिरपन हजार मात्र) जो राज्य सरकार के खाते में जमा है, को नेहरू चिकित्सालय, गोरखपुर में होने वाली बचत की धनराशि रू0 41.53 लाख, संक्रामक रोग चिकित्सालय, कानपुर में होने वाली बचत रू0 10.00 लाख, मेडिकल कालेज, गोरखपुर में होने वाली बचत रू0 35.00 लाख तथा चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-001-निदेशन तथा प्रशासन-03-निदेशन में होने वाली बचत रू0 11.00 लाख कुल बचत की धनराशि रू0 97,53,000/- (रू0 सत्तानबे लाख तिरपन हजार मात्र) पुनर्विनियोग कर व्यय किये जाने की स्वीकृति महामहिम राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है।

2- स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय उन्हीं कार्यो/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य कार्यो/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।

3- उक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2014-15 में अनुदान संख्या-31 के अधीन लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-आयोजनेत्तर-01-शहरी स्वास्थ्य सेवाएं-एलोपैथी-110-अस्पताल तथा औषधालय-01-केन्द्रीय आयोजनागत एवं केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें-0101-फिजिकल मेडिसिन एवं रिहैबिलीटेशन (पी0एम0आर0) (के-100-प्रतिशत/रा-0 प्रतिशत)-08-कार्यालय व्यय-12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण-16-व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान-43-सामग्री एवं सम्पूर्ति" के नामे डाला जायेगा तथा संलग्न प्रपत्र बी0एम0-9(1) के स्तम्भ-1 में उल्लिखित लेखाशीर्षक में हो रही बचतों से वहन किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पंजी संख्या-ई-3-222/दस-2015, दिनॉक 11 फरवरी, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय

(अरिन्दम भट्टाचार्य)
विशेष सचिव

संख्या:-17/2015/15(1)/71-1-2015 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3- प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, गोरखपुर।
4- वित्त नियंत्रक, राजकीय मेडिकल कालेज, गोरखपुर।
5- कोषाधिकारी, गोरखपुर।
6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(शैलेन्द्र नाथ शुक्ल)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in